**खबर संक्षेप**

## शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन का बीमा अनिवार्य,लापरवाही पर प्रबंधक होंगे जिम्मेदार

**सतना।** जिला प्रशासन ने जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों के राशन का बीमा कराना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार,अब प्राकृतिक आपदा या चोरी जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी के माध्यम से की जाएगी। यदि किसी दुकान में राशन का बीमा नहीं पाया गया,तो भविष्य में होने वाली किसी भी क्षति की पूरी जिम्मेदारी संबंधित संस्था और प्रबंधक की होगी।

**क्यों लिया गया यह निर्णय ?**

अक्सर देखा गया है कि उचित मूल्य दुकानों में चोरी या प्राकृतिक आपदा (जैसे आगजनी या बाढ़) के कारण राशन खराब होने पर शासन पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ता है। भोपाल स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के निर्देशों के बाद अब यह सख्त कदम उठाया गया है।

## आदतन अपराधी के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने सिनगौड़ी निवासी उमाशंकर बर्मन पिता केशव प्रसाद बर्मन 40 वर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। उमाशंकर बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2010 से अब तक कुल 9 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर मारपीट करना, गुंडागर्दी करना, जुआ खेलना, सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा उमाशंकर के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई हैं, फिर भी आदतन अपराधी के आचरण

## 18 लाख रूपए की धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक फाइनेंस कंपनी के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपितों ने लग्जरी कार फाइनेंस कराने के बाद उसकी किस्तों का भुगतान नहीं किया और कंपनी को करीब 18.40 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुँचाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर रोड बरगवां स्थित 'एस.के. फाइनेंस लिमिटेड' कंपनी के प्रबंधक भगवत प्यासी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक आरोपी प्रभांशु तिवारी निवासी बडखेरा, बहोरीबंद और ओम प्रकाश शुक्ला निवासी पिपरिया, ढीमरखेड़ा ने कंपनी से एक इनोवा कार फाइनेंस कराई थी। शुरुआती कागजी कार्रवाई के बाद आरोपियों ने नियमानुसार किस्तों का भुगतान करना बंद कर दिया। लंबे समय तक राशि जमा न होने और बार-बार संपर्क करने के बावजूद जब आरोपियों ने भुगतान नहीं किया।

# मैहर में चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, 1.14 लाख भक्तों ने टेका मत्था

मैहर

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मैहर स्थित मां शारदा देवीधाम में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के पांचवें दिन,सोमवार को त्रिकूट पर्वत पर विराजीं मां शारदा के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। शाम 4 बजे तक ही एक लाख से अधिक भक्त माता के दरबार में शीश नवा चुके थे।



### पैदल और वैन मार्ग से पहुंचे श्रद्धालु

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार,सोमवार शाम 4 बजे तक कुल 1,14,566 दर्शनार्थियों ने सुगमता से माता के दर्शन किए।श्रद्धा की शक्ति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इनमें से 1,13, 054 भक्तों ने सीढ़ियों के पैदल मार्ग से चढ़कर माता के दर्शन किए,जबकि 1,512 श्रद्धालुओं ने वैन मार्ग का उपयोग किया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम,दर्शन हुए सुगम

भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समिति ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

**व्यवस्थित कतारें:**

भक्तों की भारी संख्या के बावजूद दर्शन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनी रही।

**बुनियादी सुविधाएं:**

पेयजल,प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम के लिए मंदिर परिसर में विशेष प्रबंध किए गए हैं।

**चौक-चौबंद प्रशासन:**

स्थानीय प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा मैहर पर्वत गुंजायमान है। नवरात्रि के शेष दिनों में इस संख्या में और भी अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है।

# मैहर में स्वास्थ्य टीम की सतर्कता से दो बच्चों को मिला जीवनदान

मैहर।

चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान मैहर में स्वास्थ्य विभाग की तत्परता एक बार फिर मिसाल बनी है। मेले में उमड़ी भारी भीड़ के बीच अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर स्वास्थ्य टीम ने तत्काल मोर्चा संभाला और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया। मेला प्रभारी डॉ.पीयूष पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली घटना में ललितपुर निवासी 15 वर्षीय मोहिनी बबले मेला क्षेत्र में अचानक बीमार पड़ गई। किशोरी को दौरे पड़ रहे थे,वह उल्टियां कर रही थी और मानसिक रूप से काफी विचलित नजर आ रही थी। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात डॉ.सौरभ सिंह तिवारी और डॉ. संतोष कुमार जाटव तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्राथमिक उपचार देकर किशोरी की स्थिति को स्थिर किया और बेहतर इलाज के लिए उसे सिविल अस्पताल मैहर रेफर कर दिया। वहीं,दूसरी घटना में सोहावल ब्लॉक के श्रीनगर निवासी 6 वर्षीय बालक अंश अहीरवार भीड़ के दबाव के कारण गिरकर घायल हो गया। उसे भी तत्काल चिकित्सा सहायता दी गई,जिससे उसकी स्थिति सामान्य हो गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मेले में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मेडिकल टीमें हर सेक्टर में मुस्तैद हैं ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में बिना देरी किए सहायता पहुंचाई जा सके।



## रामनगर में तेज रफ्तार बाइक पिलर से टकराई, हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

**मैहर।** मैहर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत रविवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार का चिराग बुझा दिया। एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पिलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 21 वर्षीय संदीप साकेत,निवासी नई बस्ती-बदेरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार,संदीप रविवार रात अपनी बाइक एमपी 19 जेड 0602 से कहीं जा रहा था। जब वह गोरसरी और मड़वार गांव के बीच पहुंचा,तभी उसकी बाइक से नियंत्रण खो गया और वह सड़क किनारे कंक्रीट के पिलर से जा भिड़ी। हादसे में बाइक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह और पायलट रामधनी कुशवाहा ने तत्काल घायल को अस्पताल पहुंचाया,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवाकर परिजनों को सूचित कर दिया है और मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर सख्त: लापरवाही पर आरआई निलंबित, बिरसिंहपुर तहसीलदार को नोटिस और टीकाकरण में सुस्ती पर सेवा समाप्ति की चेतावनी

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिराई है। कोठी औद्योगिक क्षेत्र के गलत सीमांकन मामले में उन्होंने आरआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने और उनकी सीआर खराब करने के निर्देश दिए हैं।

### पेयजल संकट और गैस आपूर्ति पर पैनी नजर

आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कियाकि परसमनिया और मझगवां के पथरीले अंचलों में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम और पीएचई अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन क्षेत्रों का सतत भ्रमण करें। वहीं,जिले में घरेलू गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी को फील्ड पर उतरकर आकस्मिक निरीक्षण करने और वितरकों की नियमित समीक्षा बैठक करने को कहा है।

### सरकारी जमीन का गलत सीमांकन: आर आई नपेंगे

नयागांव में औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवंटित 50 एकड़ जमीन के सीमांकन में भारी अनियमितता सामने आई है। पटवारी द्वारा शासकीय भूमि बताए जाने के बावजूद आरआई ने निजी व्यक्ति के पक्ष में सीमांकन कर दिया। इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने आरआई को निलंबित करने,चार्जशीट देने और भविष्य में फील्ड पोस्टिंग न देने की टीप दर्ज करने के निर्देश दिए।



### राजस्व कार्यों में पिछड़ने पर बिरसिंहपुर तहसीलदार को फटकार

गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीकरण सत्यापन और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में बिरसिंहपुर तहसील की 'शून्य' प्रगति पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी जताई।उन्होंने तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने और गोपनीय चरित्रावली में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज करने के निर्देश दिए। जिले में राजस्व की कुल 1116 शिकायतें लंबित हैं,जिन्हें प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया है।

### आशा और सुपरवाइजरों पर गिरेगी बिजली

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14-15 वर्ष की किशोरियों के एचपीवी टीकाकरण में सतना जिला प्रदेश में 27वें स्थान पर पिछड़ गया है। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि यदि आशा कार्यकर्ता और महिला बाल विकास की सुपरवाइजर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग नहीं करती हैं,तो उनकी सेवा/संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी के बीएमओ के खिलाफ भी कमजोर प्रगति पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# बीबीए छात्रों ने यूसीएल में समझा उद्योग का वास्तविक स्वरूप

**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने यूसीएल,सतना का औद्योगिक भ्रमण कर उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। यह भ्रमण छात्रों के लिए कक्षा के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। कार्यक्रम का समन्वय डॉ.अनुराग सिंह परिहार एवं शीनू शुक्ला ने किया,जबकि इसका नेतृत्व डीन एवं हेड डॉ.कौशिक मुखर्जी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट वातावरण और प्रबंधन के वास्तविक आयामों से परिचित कराते हैं। यूसीएल में एचआर हेड मनोज तिवारी एवं सहायक शशिकांत सिंह ने



विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए संस्थान की संरचना,मानव संसाधन नीतियों और कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। इसके बाद छात्रों को उत्पादन इकाई का भ्रमण कराया गया,जहां उन्होंने निर्माण प्रक्रिया,गुणवत्ता नियंत्रण और संचालन प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखा।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए एचआर प्रबंधन,औद्योगिक सुरक्षा और उत्पादन प्रणाली से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों द्वारा दिए गए उत्तरों ने उनकी समझ को और गहरा किया।कार्यक्रम के अंत में यूसीएल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस अधीक्षक डॉ.हंसराज सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोठी थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना का विवरण की शाम को फरियादिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उनके घर में अवैध रूप से प्रवेश कर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 82/2026के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया। आरोपी का नाम



विक्रम सिंह पिता दिनेश सिंह उम्र 24 वर्ष है। निवासी ग्राम इटमा, थाना कोठी है। पुलिस कार्रवाई और टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोठी निरीक्षक संतोष तिवारी के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक संतोष तिवारी,सउनि अश्वनीधर द्विवेदी और आरक्षक रिन्कू जाटव का विशेष योगदान रहा।

## अमरपाटन में बीच रास्ते बंद हुई डायल 100/112, ग्रामीणों ने धक्का मारकर आगे बढ़ाया

**मैहर।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र से पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल 112 की बदहाली की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। यहाँ ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस वाहन बीच रास्ते में ही जवाब दे गया, जिसके बाद ग्रामीणों को धक्का लगाकर उसे स्टार्ट कराना पड़ा। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। डायल 112 का वाहन एमपी 04 डब्ल्यू आर 1950 सुआ गाँव के पास अचानक बंद होकर खड़ा हो गया। काफी कोशिशों के बाद भी जब गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई,तो चालक ने सड़क पर मौजूद ग्रामीणों से मदद मांगी। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर गाड़ी को धक्का लगाया, जिसका वीडियो किसी राहगीर ने बनाकर इंटरनेट पर साझा



कर दिया। इस घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के बीच अलग-अलग चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वाहन में डीजल खत्म हो गया था,जिसके कारण यह स्थिति बनी। हालांकि,वाहन चालक ने इसे तकनीकी खराबी करार दिया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस की आपातकालीन सेवाओं के रखरखाव पर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल,पुलिस विभाग की ओर से इस मामले में कोई औपचारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है।




## प्रगतिशील लेखक संघ की गोष्ठी में भगत सिंह के विचारों पर मंथन

**सतना।** शहीद दिवस के अवसर पर प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) की सतना इकाई द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर्स हॉल में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों की प्रासंगिकता पर गंभीर चर्चा की।गोष्ठी का विषय-प्रवर्तन महासचिव विजयशंकर चतुर्वेदी ने किया,जबकि संचालन अध्यक्ष संतोष खरे ने संभाला। मुख्य वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि भगत सिंह का सपना केवल राजनीतिक आजादी नहीं,बल्कि एक शोषणमुक्त और समतामूलक समाज की स्थापना करना था। वक्ताओं ने वर्तमान वैश्विक बाजारवाद और नीतिगत स्वतंत्रता पर मंडराते खतरों के प्रति भी आगाह किया।अध्यक्षीय संबोधन में बाबूलाल दाहिया ने कहा कि भगत सिंह का व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा का स्थायी स्रोत है। कार्यक्रम में आदित्य प्रताप सिंह,श्रीराम शर्मा,और सुधाकर जैन जैसे विचारकों ने युवाओं को प्रगतिशील आंदोलनों से जोड़ने और तार्किक संवाद स्थापित करने की आवश्यकता बताई। डॉ.रामयश बागरी ने दोहों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी अनुपम दाहिया सहित अन्य सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

## जर्जर सड़क और उड़ती धूल: समाजसेवी अनुपम दाहिया ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सतना।** शहर को ग्रामीण अंचलों से जोड़ने वाली महादेवा-पोड़ी पतौरा सड़क की बदहाली अब आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय समाजसेवी और युवा पत्रकार अनुपम दाहिया ने सतना कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दशकों से उपेक्षित इस मार्ग के नवनिर्माण की पुरजोर अपील की। अनुपम दाहिया ने कलेक्टर को बताया कि सड़क पर इतने विशालकाय गड्ढे हो चुके हैं कि दोपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थिति यह है कि मात्र 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में राहगीरों को एक घंटे से अधिक का समय लग रहा है। यह मार्ग नागौद विधानसभा के दर्जनों गांवों सहित परसमनिया पहाड़ के निवासियों के लिए शहर पहुंचने का मुख्य जरिया है। प्रतिदिन हजारों श्रमिक,स्कूली बच्चे और ग्रामीण इसी रास्ते से गुजरते हैं। श्री दाहिया ने आरोप लगाया कि पूर्व में हुई मरम्मत महज 'खानापूर्ति' थी,जिसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया,जो कुछ ही सप्ताह में उखड़ गई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रमुख संपर्क मार्ग का अविलंब ठोस निर्माण कराया जाए ताकि क्षेत्रीय जनता को धूल और हादसों से निजात मिल सके।



**खबर संक्षेप**

## केन बेतवा लिंक परियोजना विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण कराएं- कलेक्टर



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामों के विस्थापित परिवारों की आपत्ति एवं समस्याओं का निराकरण कर समय सीमा में पूर्ण कर उचित विस्थापन के लिए निर्देशित किया है। इस संबंध में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें शासन की गाईडलाइन अनुरूप प्रभावित परिवारों के विस्थापन कार्ययोजना की जानकारी ली गई। जिला कलेक्टर ने परियोजना की रिव्यू मीटिंग में समयबद्ध तरीके से अंतिम नोटिस जारी कर तामील कराने के निर्देश दिए। साथ ही अविलंब बकाया राशि के भुगतान तथा विभागीय समन्वय से समस्त कार्यवाही संपादित करने के लिए कहा। भूमि आवंटन संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा वन विभाग को हस्तांतरित भूमि के प्रकरण में की गई कार्यवाही तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली। विदित हो कि इस राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत पन्ना तहसील के गहदरा, कटहरी बिलहटा, कोनी, डोंडी एवं मझौली तथा अमानगंज तहसील के मरहा, कूड़न एवं खमरी ग्रामों की निजी एवं शासकीय भूमि का अर्जन किया गया है। जल संसाधन विभाग से संबंधित ग्रामों के प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए विशेष पैकेज की स्वीकृति प्राप्त होने पर सहमति अनुसार एकमुश्त पुनर्वास पैकेज अवार्ड तथा विस्थापित परिवारों से, जिन्हें समस्त प्रकार के भुगतान प्राप्त हो चुके हैं, से मौके से कब्जा पन्ना नेशनल पार्क को सौंपा जाना प्रस्तावित है। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा जल संसाधन, वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से परियोजना अंतर्गत कार्यों तथा अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व वीरेन्द्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे, कार्यपालन यंत्री उमा गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मोदी राज मे खेती काटने को घूम रहा किसान, दबंगों पर निजी भूमि पर अतिक्रमण का गंभीर आरोप

**देवेंद्रनगर ।** मामला देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम गुखौर का है जहाँ पर परेशान किसान रामभगत कुशवाहा (बाटू ) का कहना है कि मेरी जमीन पुराने पूर्वजो की है जो मेरे नाम पर थी किन्तु ग्राम गुखौर क़े पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा द्वारा पटवारी की मिली भगत से अपने नाम पर करवा ली है उसी पर सडक निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराई गई है मेरा खेत भी उनके घर क़े सामने है जिसको हतियाने क़े नए नए तरीके अपना रहें है साथ मै अपनी ज़मीन क़े रिकॉर्ड ऑनलाइन दिखवाने गया हुँ तो उसमे मेरी ज़मीन दादूराम कुशवाहा क़े नाम पर दिख रही है लेकिन यदि मै कोई दान पत्र, या भूमि स्थानांतरण नहीं कराया तो किस हिसाब से मेरी जमीन दादूराम क़े नाम पर दिख रही है। इसी बातबकू लेकर उक्त कृषक द्वारा शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। किसान का कहना है कि मै एक वर्ष पूर्व से शासन -प्रशासन से गुहार लगा रहा हुँ की जाँच कर न्याय दिलाया जाना चाहिए किन्तु दबंग पूर्व सरपंच क़े कारण मुझे न्याय नहीं मिल रहा है। शासन प्रशासन से न्याय ना मिलने के कारण मै 26 मार्च से मै स्वयं को आमरण अनशन पर बैठ रहा हुँ जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की हो। जिसमे पटवारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियो की मिलीभगत भी बताई जा रही है। क्योंकि आवेदन क़े बाद भी पटवारी द्वारा जाँच आज तक नहीं की गई है।

# वतन की रक्षा के साथ-साथ गांवों की उन्नति का मार्ग: सूबदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने अपने वेतन से ही भविष्य संवारते हुए उन्नति को दिशा देने का कार्य किया-बागेश्वर सरकार पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री







पन्ना।

विगत दिवस 21 मार्च का दिन बागेष्वर धाम में पन्ना जिले के सिमरिया तहसील अंतर्गत दनवारा गांव जो बागेष्वर सरकार के यहां धर्मलाभ के साथ-साथ सम्मान के साथ जाना गया। जहां स्वयं बागेष्वर सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने मंच से आम जनता के सामने दनवारा गांव के लोगों की जय बोली। तथा धन्य है वह धरा दनवारा की जहां के सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी जो वतन की रक्षा के साथ-साथ गांव की उन्नति का मार्ग तय करने को लेकर भविष्य संवार रहे है। अपने वेतन से वहीं जिस तरह से सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है उसी तरह दनवारा गांव में जन्मी हर बेटी के सम्मान में जहां उनकी माताओं को बागेष्वर धाम में मंच से सम्मान के साथ पांच हजार रूपये सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के वेतन के जो दिये जाते है उन्हें अपने करकमलों से पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेष्वर सरकार के द्वारा दिये गये इतना ही नहीं भावी भविष्य गांव के छात्र-छात्राओं को षिक्षा के माध्यम से जहां उन्नति का मार्ग तय किया जाता है वहीं सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच के चलते उनकी टीम में जिस तरह से पूरे गांव की आस्था आज बदली हुई नजर आ रही है। सब सहयोगी भूमिका में समूचे दिन नजर आये। जिनके समर्थक टीम में राजू राजा, दीपक द्विवेदी, वहीं धन्य है सिमरिया जहां दूरगामी सोच के षिक्षक जिनके हांथ में कमान आर.एस.एस. सर संघ चालक के रूप में जिले की रूद्र प्रताप यादव वहीं पुष्पेन्द्र तिवारी की धर्मपत्नी व उनके संस्कार देने वाले पिता जो स्वयं सेना में रहे शंकर प्रसाद तिवारी जिनकी आस्था देखते ही बनती थी। बागेष्वर धाम में स्वयं बागेष्वर सरकार ने अपने उदबोधन में कहा कि एक ही व्यक्ति पुष्पेन्द्र तिवारी जो सेना में सूबेदार के पद पर रहते हुए वतन की रक्षा के साथ-साथ अपनी बेतन से गांव की उन्नति को लेकर दिषा बदलने में जाने गये। धन्य हुआ दनवारा... जय दनवारा गांव की... जय हो सिमरिया की... जय हो पन्ना... की गूंजे नारे बागेष्वर धाम में वहीं मंच के सामने दसों हजार लोगों के बीच में हमारे देष की सेना में सूबेदार के पद पर पुष्पेन्द्र तिवारी जिनकी सोच से आज गौर्वावित हुआ जिला। भगवान श्री जुगुल किषोर के भी जय...जयकारे के लगे नारे। वहीं जिस तरह से जन्म लेने वाली बेटी का सम्मान उसी तरह अपने-अपने क्षेत्र में जिन बेटियों ने साबित किया मुकाम उनका सम्मान नारी सम्मान वहीं दनवारा गांव की पांच सौ जनता जर्नादन जो स्वयं साक्षी थी। किस तरह से बागेष्वर धाम में बागेष्वर सरकार ने इन्हें सम्मान से नवाजा। सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के साथ-साथ समूचे गांव से आई हुई जनता जर्नादन का यह सम्मान दनवारा गांव के लिए तो जाना ही गया पर समूचे जिले से लेकर प्रदेष व देष में इस गांव की शान सेना के सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के सोच के चलते आज चमकी। जहां बाला जी सरकार की कृपा से 21 मार्च का दिन रात्रि 9 बजे बागेष्वर धाम का मंच वहीं बागेष्वर सरकार पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जिनकी एक झलक पाने को आम जनता में ललक देखते ही बनती है। पर दनवारा गांव के लोगों को भरपूर मिला आर्षीवाद। रूद्र प्रताप यादव जैसे बुद्धिजीवी षिक्षक वहीं राजू राजा जैसे समर्पण जिनकी कार्यषैली में बसता है दीपक जो स्वयं ही अपने व्यक्तित्व से प्रकाषवान होता है। जिनके साथ ऐसे लोग आखिर पुष्पेन्द्र तिवारी की मंषा व सोच की बदौलत पन्ना जिले के सिमरिया तहसील का यह दनवारा गांव सदैव के लिए यादगार पलों को लेकर जाना जायेगा। क्योंकि जहां जन्म लेने वाली बेटी का सम्मान उसकी माता को मिला वहीं पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच के चलते गांव की प्रतिभावान बेटियों का सम्मान व बेटों को मिला सम्मान। जिन्होंने षिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा साबित की। इतना ही नहीं उन नारियों का सम्मान भी इसी मंच में नजर आया वहीं गांव वालों का सम्मान धन्य है दनवारा गांव जिनके ऊपर बागेष्वर सरकार की कृपा अपने करकमलों से किया सभी का सम्मान लगाये जय...जयकारे के नारे। वहीं बागेष्वर धाम बागेष्वर सरकार बाला जी कृपा सन्यासी बाबा की कृपा से मिला आर्षीवाद सापरिवार जहां पुष्पेन्द्र तिवारी सूबेदार के साथ-साथ उनकी सहयोगी टीम को भी मिला सम्मान आर्षीवद। आखिर अच्छे कर्मों से समूचे गांव को सेना में रहते हुए अपनी वेतन से परिवार की तरह गांव की उन्नति के लिए जो दिया प्यार जिससे मिला आज सम्मान व आर्षीवाद।

# अजयगढ़ के ग्राम मढ़ैयन में आयोजित हुआ सांकेतिक फांसी का आंदोलन 7 दिनों का कह महीनों निकलने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, लोगो में दिखा आक्रोश



अजयगढ़

अजयगढ़ के ग्राम मढ़ैयन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज केनबेतवा लिंक सहित मझगांय मध्यम,रुंझ एवं नैगुवा लघुसिचाई परियोजनाओं से प्रभावित आदिवासी, किसान और महिलाएं अब प्रशासन की तानाशाही और लगातार झूठे आश्वासनों से तंग आकर आज शहीद दिवस पर हजारों आदिवासी महिलायो के द्वारा सांकेतिक फाँसी के साथ भारत के प्रधानमंत्री को खून से पत्र लिखा।कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता,महात्मा गांधी,चंद्रशेखर आदेश सहित अन्य शहीदों की प्रतिमाओं में पुष्प अर्पण करके की गई।इसके बाद आए हुए विभिन्न ग्राम के लोगो ने इन परियोजना के विरोध और मुआवजे को लेकर बाते कही।इसके बाद समाजसेवी व किसान नेता अमित भटनागर ने कहा कि अधिकारियों की तानासाही के विरोध में ये आंदोलन हो रहा है।आजादी के पहले अंग्रेजो के द्वारा भी ऐसी दमनकारी नीति नहीं अपनाई जाती थी जैसी पन्ना जिले के कलेक्टर साहब के द्वारा अपनाई हे उनके द्वारा परिसर के आसपास ही धारा 163 लागू कर दी।भूमि अर्जन ओर पुनर्वासन नियम 2013 के तहत चार गुना मुआवजा,ग्रामसभा, जनसुनवाई,लोगो की सहमति से पुनर्वास करते हुए बसाते हुए आगे करे।ये हम सबके मालिक है और हम सब इनके नौकर हैं। प्रधानमंत्री जी बोलते हे कि मैं चौकीदार हूं और अगर प्रधानमंत्री हमारे चौकीदार हे तो ये सब भी हमारे चौकीदार है आज कानून का पालन नहीं हो रहा हैं ये गांव हमारे पूर्वजों ने बसाया हैं और ये लोग इसे हमसे छीनना चाहते है।हम नहीं चाहते कि पूरे देश से किसान नेता यहां आए और सरकार के खिलाफ खड़े हो इसलिए हमारी विभिन्न समस्याओं का निदान करे आपने 5 दिनों में कागज देने की बात कही पर उसके विपरीत आपने धारा 144 लागू कर दी।कलेक्टर साहब से निवेदन है कि अधिकारियों की बाते न सुनते हुए जमीनी हकीकत के आधार निर्णय ले।आज के कार्यक्रम में कई महिलाओं ने सांकेतिक फांसी लगाकर अपना विरोध दर्शाया साथ ही अपना खून निकला कर उससे प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।अगर इसके बाद भी प्रशासन के द्वारा हमारी नहीं सुनी जाती तो आगे उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं,पुरुष व युवा साथी मौजूद रहे।





# नवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक दिन निकलती है रामनवमी की प्रभात फेरी धीरज तिवारी द्वारा किया जाता है स्वागत

पन्ना।

श्री रामनवमी समिति के द्वारा नवरात्रि की अवसर पर प्रतिदिन सुबह नगर में दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों के माध्यम से सैकड़ो की संख्या में युवाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाती है उक्त प्रभात फेरी श्री राम मंदिर से प्रतिदिन प्रारंभ होती है तथा बड़ा बाजार अजयगढ़ चौराहा बलदेव चौक कटरा बाजार कोतवाली चौराहा बी टीआई चौराहा पुलिस लाइन चौराहा होते हुए अस्पताल चौराहा के पास गायत्री मंदिर के बगल में धीरज तिवारी पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी का जोरदार स्वागत किया जाता है तथा उसमें शामिल सभी लोगो को नाश्ता एवं प्रसाद वितरण किया जाता है यह सिलसिला लगभग 8 वर्ष से चल रहा है श्री तिवारी ने बताया कि मेरा उद्देश्य धार्मिक कार्य में लगे सभी युवाओं का उत्साह वर्धन करना है और इससे मुझे भारी आत्मिक संतोष मिलता है।




# चैत्र नवरात्र पर नित्य मंगला आरती का आयोजन

**पन्ना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के विशेष संयोजन मे अनेक वर्षो से दोनो पक्षों की नवरात्र पर विशेष आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है,इसी अनुक्रम मे चौत्र नवरात्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रत्येक दिवस नगर मे प्रतिष्ठापित विभिन्न देवी मंदिरो मे पृथक पृथक दिवस शायम ठीक 07:30 बजे विशेष मंगला आरती कर मातारानी से सामान्य जनमानस के मंगल कल्याण की कामना की जाती है,इसी क्रम मे प्रथम दिवस फूला माता मंदिर मे,द्वितीय दिवस बडी देविन मे,तृतीय दिवस लक्ष्मी माता मंदिर मे,चौथे दिवस कालका माता मंदिर मे पंचम दिवस मॉ शारदा माता मंदिर मे आरती सम्पन्न हुई परिषद के जिलाध्यक्ष पं,राजीव तिवारी ने नगर के समस्त सामाजिक जनो से व समस्त वर्गो के गणमान्य धर्म प्रेमियो से सादर अनुरोध किया है कि उक्त कार्यक्रम मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाए। इस आयोजन मे नित्य विशेष रूप से परिषद के संरक्षक सदस्य पं ,आर,डी, शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष पं,रावेन्द्र द्विवेदी, उपाध्यक्ष पं,घनश्याम त्रिपाठी, शिक्षाप्रकोष्ठ से पं, विनोद अवस्थी,युवाप्रकोष से पं,अजय बाजपेई, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गौतम जी, करूणा गर्ग, मीना तिवारी, विजयलक्ष्मी मिश्रा, रिचा दुवे, कल्पना चनपुरिया, सुचित्रा त्रिपाठी, राजेन्द्र मिश्रा, गंगाप्रसाद शर्मा, आनंद त्रिपाठी, कृष्णा मिश्रा, दिनेश मिश्रा, अजय तिवारी, राकेश तिवारी, शिवकुमार शुक्ला, रुद्र प्रकाश चनपुरिया, विद्याधर गौतम, अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी, चन्द्रभान तिवारी, राकेश गौतम, रामू मिश्रा जी सहित शहर के अनेक धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

# जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0 में लक्ष्य एवं कार्ययोजना मुताबिक संचालित हों गतिविधियां

### कलेक्टर ने गैस सिलेंडर स्टॉक तथा सुचारू रूप से वितरण तथा पेट्रोल डीजल की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी ली



पन्ना।

कलेक्टर ऊषा परमार ने विभागीय अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0 में जनसहभागिता से जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अभियान में लक्ष्य एवं कार्ययोजना मुताबिक नियमित रूप से विभागीय गतिविधियां आयोजित की जाएं। संबंधित विभागों द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण की व्यापक कार्ययोजना बनाने सहित जन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को अभियान की महत्ता से अवगत कराएं। शासन के निर्देश अनुरूप पेयजल एवं वर्षा जल के संचयन व इसके बेहतर उपयोग की प्लानिंग भी करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा तृतीय जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों सहित विभागवार क्रियान्वित कार्यों और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण सहित नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी इस महत्वाकांक्षी अभियान की विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर फरवरी माह की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन पर विभागीय अधिकारियों को बधाई दी तथा सतत रूप से वर्तमान मार्च माह सहित आगामी माह में भी निरंतर शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण तथा बेहतर रैंक बनाए रखने की अपेक्षा की। इस मौके पर न्यायालीय मामलों में जवाबदावा, ग्रीष्मकाल में पेयजल की समुचित उपलब्धता, भावांतर योजना में सरसों उपार्जन की तैयारी, अभियान मोड में किशोरी बालिकाओं के एचपीवी वैक्सीनेशन करवाने के निर्देश दिए। प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर टीकाकरण में लापरवाही पर संबंधितों के विरूद्ध नोटिस जारी करने के लिए भी कहा। बैठक में समस्त विभाग प्रमुखों को अविलंब कार्यालयों के लंबित विद्युत देयक भुगतान के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान जिले में गैस सिलेंडर स्टॉक तथा सुचारू रूप से वितरण तथा पेट्रोल डीजल की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी ली। इसके अलावा छात्रावासों में मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने तथा सतत निरीक्षण सहित नगरीय क्षेत्रों में पट्टे वितरण संबंधी जानकारी लेकर अवैध कॉलोनियों के प्रकरण प्रेषित करने के लिए कहा। लंबित टीएल और जनसुनवाई पत्रों की समीक्षा के दौरान समस्त अधिकारियों को ताकीद किया गया कि किसी भी स्थिति में शासकीय अवकाश के कारण विभागीय कार्य प्रभावित न हों। सभी अधिकारी सतत रूप से विभागीय दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें।

**जिला कोषालय में लंबित न रहें देयक**

टीएल बैठक में जिला कोषालय अधिकारी को विभागवार प्रेषित देयकों के आहरण के संबंध में निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में ट्रेजरी में बिल लंबित न रहें। वांछित दस्तावेजों की कमी अथवा त्रुटिपूर्ण देयक की स्थिति में संबंधित विभाग के लिपिकवर्गीय कर्मचारी अथवा लेखापाल को तत्काल अवगत कराया जाए, जिससे समय पर देयक का आहरण हो सके। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को आकांक्षी विकासखंड अजयगढ़ में सम्पूर्णता अभियान समाप्ति के पूर्व नीति आयोग के 6 संकेतकों के आधार पर सेचुरेशन तथा नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था व जिला हीरा कार्यालय को नवीन भवन में स्थानांतरित करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में हुई चर्चा

पन्ना।

पन्ना जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम तथा इससे बचाव के लिए आवश्यक उपायों को लागू करने तथा पूर्व निर्णयों के क्रियान्वयन के संबंध में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक के अवसर पर देवेन्द्रनगर थाना अंतर्गत बड़ागांव मोड़ से मुटवा मोड़ तक एवं बड़वारा मोड़ देवेन्द्रनगर, सलेहा थाना क्षेत्र के ददहाई मोड़ से रीछुल मोड़ तक तथा रैपुरा थाना के ग्राम कुआखेड़ा से गुदरीटेक के मध्य के ब्लैक स्पॉट पर संबंधित रोड एजेंसी को आवश्यक कार्य के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा डायमण्ड चौराहा से मनौर ढाबा तक सड़क मरम्मत कार्य, नेशनल हाईवे पर छतरपुर रोड बायपास तिराहा पर प्रकाश व्यवस्था, अमानगंज-सिमरिया मार्ग पर ग्राम बिल्हा के पास सड़क मरम्मत



सहित मड़ला घाटी एवं पहुंच मार्ग रोड पर मरम्मत व सुधार कार्य के निर्देश भी दिए गए। साथ ही किशोर जी मंदिर के बाहर अपना बाजार से पहले और महेन्द्र भवन से आने वाले रास्ते पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, पन्ना-सतना मार्ग पर अशोका होटल से डीटी हॉस्पिटल के सामने की क्षतिग्रस्त रोड पर मरम्मत कार्य सहित अन्य स्थानों पर भी आवश्यक कार्यों के संबंध में चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरता के साथ सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण व रोकथाम की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान गैसाबाद पुल पहुंच मार्ग के निर्माण को तत्काल शुरू कराने, वन विभाग से संबंधित मुद्दों के निराकरण तथा सुप्रीम कोर्ट के 17 नवम्बर 2025 को एक प्रकरण में पारित निर्णय के अनुसार मड़ला घाटी सड़क मार्ग से भारी वाहनों के रात्रि में आवागमन को प्रतिबंधित करने के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन का क्रमशः पालन सुनिश्चित करवाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व वीरेन्द्र पटेल सहित कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर, आरटीओ सुनील शुक्ला, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## आंगनबाड़ी के पास खेलते समय 11 वर्षीय मासूम पर गिरा लोहे का भारी गेट



**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ददरी में आंगनबाड़ी केंद्र के पास खेल रहे 11 वर्षीय बच्चे कृष्णा अनुरागी पर अचानक लोहे का भारी गेट गिर गया। यह हादसा तब हुआ जब बच्चा छठवीं कक्षा का छात्र अपनी सहपाठियों के साथ खेल रहा था। गेट के नीचे दबने से कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसमें उसके सिर में गहरी चोट आई है। आसपास खेल रहे अन्य बच्चों ने तुरंत एकत्र होकर मिलकर गेट को हटाया और कृष्णा को बाहर निकाला। इसके बाद परिजनों ने उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में बच्चे को भर्ती कराया गया है और उसका उपचार जारी है।

## 25 मार्च को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

**छतरपुर।** म.प्र.विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए कंपनी स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 25 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील की है कि विद्युत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ विद्यारंभ कार्यक्रम

**छतरपुर।** परियोजना राजनगर के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को कक्षा 1 में प्रवेश के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान करना तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के तहत राजनगर परियोजना के ललपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम खजवा की किशवाहपुरवा आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता सोनी ने विशेष रूप से विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर 6 वर्ष पूर्ण हो चुके बच्चों एवं उनके माता-पिता को पीले चावल से आमंत्रण पत्र देकर आंगनवाड़ी केंद्र में आमंत्रित किया गया।आंगनवाड़ी केंद्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा सुंदर सजावट के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा तैयार किए गए खास कार्ड बच्चों को प्रदान किए गए। इन कार्डों को प्राप्त कर बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता सोनी ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जरूर भेजें तथा शिक्षा के माध्यम से उनका भविष्य उज्ज्वल बनाएं। साथ ही बच्चों को भी प्रेरित किया गया कि वे अच्छी पढ़ाई करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

# सरसों हेतु भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों के होंगे गहन

**छतरपुर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा रबि फसल 2025-26 में सरसों हेतु भावांतर योजना के अंतर्गत कृषकों के पंजीयन कराए गए थे लेकिन कृषकों के पंजीयन के परीक्षण में यह परिलक्षित हुआ है कि कृतिपय जिलों में अपेक्षा से अधिक मात्रा में पंजीयन हो रहे है। केवल पात्र किसानों को योजना अंतर्गत भावांतर योजना का लाभ प्राप्त हो। इसे सुनिश्चित करने के लिए योजना अंतर्गत पंजीकृत समस्त किसानों के सत्यापन में अत्याधिक गहन एवं सावधानी कि आवश्यकता है।**



इस संबंध में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विभाग भोपाल द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकर सरसों हेतु भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों के गहन सत्यापन के निर्देश दिए है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि योजना का क्रियान्वयन पंजीयन के गहन सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत प्रारंभ किया जाएगा। योजना के प्रारंभ की तिथि पूर्व निर्धारित दिनांक 23 मार्च 2026 के स्थान पर संशोधित कर 1 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। सरसों भावांतर योजना अंतर्गत पंजीकृत समस्त किसानों के डिजीटल क्राप सर्वे एवं अन्य भू-अभिलेखों का गहन एवं सावधानी पूर्वक सत्यापन किया जाए। जिससे अपात्र/त्रुटिपूर्ण किसान पंजीयन को समय रहते चिन्हित किया जा सके। इसके अलावा 31 मार्च 2026 तक पंजीकृत समस्त किसानों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाए। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अभिनाश मिश्रा द्वारा जारी किए गए। इस पत्र के बाद अब सभी जिलों के साथ साथ छतरपुर जिले में भी सरसों हेतु भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों का सत्यापन किया जाएगा।

### तो जिले में भी किए गए है फर्जी पंजीयन

सूत्रों के अनुसार भावांतर योजना का लाभ पाने के लिए जिलें में भी सरसों उत्पादन में किसानों के फर्जी पंजीयन किए गए है। यह इसलिए किया गया है क्योंकि भावांतर योजना के अंतर्गत सरसों का मूल्य बाजार रेट से अधिक है। इसलिए भावांतर योजना के अंतर्गत सरसों का अधिक मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों ने मिलीभगत करके बड़ा फर्जीवाड़ा किया है। अगर जिले में सही तरीके से सरसों पंजीयन की जांच कराई जाए, तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा। और इसमें तमाम किसान व समिति प्रबंधक और गिरदावली करने बाले सर्वेयर, पटवारी भी लपेटे में आ जाएंगे। अब देखना यह है कि शासन के इस पत्र को छतरपुर जिले में जिला प्रशासन द्वारा कितना महत्व दिया जा रहा है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राहगीरों के लिए प्याऊ की करें व्यवस्था : कलेक्टर



### 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव के दिन पाठ्य पुस्तक वितरण करने के निर्देश

### खाद वितरण हेतु ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण कराने के निर्देश

**छतरपुर।** सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर जैसवाल ने कहा कि सभी ब्लॉकों में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीनेशन कराएं। जिसके लिए छात्रावासों में कैम्प आयोजित कर शिक्षा एवं अन्य सहयोगी विभागों के अमले को भेजें और वैक्सीनेशन कराएं। उन्होंने सीएमएचओ को छात्रावासों में वैक्सीनेशन हेतु विशेष टीम भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि 1 अप्रैल के पूर्व तक सभी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों की पहुंच सुनिश्चित करें। 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव के दिन पाठ्य पुस्तक वितरण हो। उन्होंने कहा संबंधित आंगनवाड़ी में पास आउट छात्रों को ट्रेक कर उनका स्कूलों में नामांकन कराएं। उन्होंने रेन बसेरा की आवश्यकता वाले निकायों एवं जनपदों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनपद एवं निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विस्तृत निर्देश देते हुए कहा कि अभियान में खेत तालाबों के निर्माण, पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर की पूर्णतः, वाटरशेड की पूर्णतः, पुराने चेक एवं डेमों की मरम्मत, जंगलों में जानवरों के लिए पेयजल व्यवस्था, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था, नहरों की साफ-सफाई, जल कार्यों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करना आदि अभियान में कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती हेतु पहले सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक की बोतलों का प्रयोग न करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने किसानों से नरवाई प्रबंधन करने की अपील की -

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में खेतों में नरवाई या पराली जलाने वालों पर पेनाल्टी एवं एफआईआर की कार्यवाही करें और संबंधित घटना स्थल पर पंचनामा आदि तैयार करें। उन्होंने किसानों से अपील की है कि नरवई प्रबंधन हेतु हैप्पी सीड़र, स्ट्रॉ रीपर एवं कस्टम हायरिंग से मशीन उपलब्ध कराकर पराली का प्रबंधन करें।

### पटवारी एवं आरआई के माध्यम से फसल सत्यापन के निर्देश -

उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं, चना, सरसों एवं मसूर का उपार्जन होना है। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। जिसमें किसानों के लिए पीने के पानी, छाया (टेंट), बैठने की व्यवस्था, तौल यंत्र आदि की व्यवस्था करें और केन्द्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि कृषि अमले के साथ तहसीलदारों को ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण कराएं। किसानों को 1 अप्रैल से उर्वरक का वितरण ई-टोकन के माध्यम से ही किया जाएगा। राजस्व अधिकारियों को किसानों की फॉर्मर आईडी बनाए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चना, मसूर के शतप्रतिशत सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजीयन सत्यापन सर्वेयर से न कराकर पटवारी एवं आरआई के माध्यम से कराएं। यदि भौतिक सत्यापन मे कहीं भी गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ईई पीएचई को पाईप लाइनों की गति शक्ति पोर्टल पर मैंपिंग के निर्देश दिए।

### बारिश से हुई क्षति का सर्वे करने के निर्देश -

कलेक्टर ने कहा कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर्याप्त की जा रही है। डीएसओ को गैस एजेंसियों पर गैस सिलेंडरों की उपलब्धता की जानकारी निरंतर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 20 मार्च को हुई बारिश से क्षति का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कृषि विभाग को निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें होने पर कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी, डीईओ, एजीएम एमपीआरडीसी एवं डीओ ट्राईवल को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन विभाग अंतर्गत नॉन अटेंडेड शिकायत होने पर डीडी वेटनरी की 1 दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए।

### शिक्षा विभाग की लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए बुधवार को कैम्प आयोजित करने के निर्देश -

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की अधिक शिकायत लंबित होने पर बुधवार को कैम्प लगाकर, शिकायतकर्ता को बुलाकर शिकायत निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को बडे. बकायदारों की सूची निकालकर राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूर्व में दी गई अनुमति के बावजूद सरकारी संपत्ती ध्वस्त नहीं की गई। इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी संपत्ती के ध्वस्तीकरण का आदेश पूर्व में देने के बावजूद अभी तक क्यों नहीं किया गया के संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के जीएम को ऋण वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना (शहरी)2.0 के निकायों में लंबित शेष आवेदनों के शीघ्र सत्यापन के निर्देश दिए एवं सत्यापित आवेदनों की जियो टैगिंग के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी के समय सीमा से बाहर निराकरण करने पर बक्सवाहा जेसओ की 3 दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉको में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा मेडीकल स्टोरों की जांच नहीं करने पर शोकॉज जारी करने के लिए निर्देशित किया और कहा कि एसडीएम के साथ संयुक्त रूप से मेडीकल स्टोरों की जांच करें। कलेक्टर ने मेडी साक्ष्य पोर्टल पर शून्य पीएम एवं एमएलसी रिपोर्ट होने पर नौगांव, राजनगर, सटई, गढ़ीमलहरा एवं बमीठा स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारी की संबंधित की 1-1 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान में 26 मार्च तक कैम्पों में जाकर हितग्राहियों को प्रभावी लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

# मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने लुगासी में किया राव भोपाल सिंह जूदेव की प्रतिमा अनावरण



**नौगांव।** मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने छत्रसाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लुगासी पहुंचकर संस्थापक स्वर्गीय राव भोपाल सिंह जूदेव की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत नौगांव सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। प्राचार्य संजीव तिवारी ने विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा स्मृति एवं पुष्प भेंट से अतिथियों का स्वागत किया गया। यह विद्यालय 1973 में स्थापित हुआ था और दानदाता राव भोपाल सिंह द्वारा जमीन दान की गई थी। एक समय यहां लगभग 40 गांवों के बच्चे पढने आते थे, जिसमें यूपी के छात्र भी शामिल थे। वर्तमान में यह अर्ध-शासकीय रूप में संचालित है, जहां केवल प्राचार्य को सरकारी वेतन मिलता है और बाकी स्टाफ को समिति के माध्यम से वेतन दिया जाता है। लुगासी गांव की आबादी करीब 15 हजार है और आसपास एक दर्जन से अधिक गांव लगे हुए हैं।

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में बड़ी उम्मीद थी कि मंत्री के दौरे पर विद्यालय का सरकारी सम्मिलयन (हैंडओवर) हो जाएगा। 2004 से चल रही इस प्रक्रिया में 22 वर्षों से गांव इंतजार कर रहा है। हालांकि मंत्री ने केवल आश्वासन दिया कि प्रक्रिया जारी है और शीघ्र ही इसे पूर्णतः शासकीय विद्यालय बना दिया जाएगा। इस पर ग्रामीणों में निराशा देखी गई, क्योंकि वे तत्काल मान्यता की अपेक्षा कर रहे थे। सरकारी स्कूल बनने से शिक्षकों की कमी दूर होगी, बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिलेगी और आसपास के गांवों के हजारों बच्चों को लाभ होगा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, दानदाता हरगोविंद सिंह उर्फ छोटे राजा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रतिमा अनावरण तक कार्यक्रम चला।

मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने ञश्वञ्ज पास करना सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शिक्षकों के लिए अनिवार्य बताया। साथ ही हरपालपुर में लगभग 20 करोड़ की लागत से संदीपनी विद्यालय खोलने की घोषणा की तथा भविष्य में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में परिवहन सुविधाएं बढ़ाने का वादा किया।



# नवरात्रि पंचमी पर छतरपुर में भव्य प्रभात फेरी

### मातृशक्ति ने की अगवानी, 9 कन्याओं के नवदुर्गा स्वरूप में दर्शन

**छतरपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचमी तिथि के अवसर पर सोमवार की सुबह छतरपुर में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन हुआ। यह प्रभात फेरी प्रातः 5:40 बजे पठापुर रोड स्थित राम जानकी मंदिर प्राणघर से शुरू होकर खेरी की देवी माता, खड़े हनुमान जी और हनुमान टोरिया होते हुए पुनः राम जानकी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में राम नाम की धुन के साथ भक्तों ने जुलूस निकाला, जो प्रतिदिन आयोजित होने वाली प्रभात फेरी का विशेष आकर्षण केंद्र बना रहा।प्रभात फेरी की अगवानी मातृशक्ति ने बड़ी श्रद्धा से की। इस दौरान बाल कलाकार माही सोनी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 9 कन्याओं को नवदुर्गा के स्वरूप में सजाना था। इन कन्याओं के दर्शन के लिए मोहल्ले वासियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं और स्थानीय निवासियों ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और माथा टेका।महात्मा पुरुषोत्तम महाराज की उपस्थिति में शहर के गणमान्य नागरिकों, बड़ी संख्या में महिलाओं और भक्तजनों ने इस आयोजन में भाग लिया। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साह से भर गया। प्रभात फेरी के दौरान भजन-कीर्तन और राम नाम की धुन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

# राम दरबार सेवा समिति का रक्तदान शिविर, 21 युवाओं ने लिया भाग



**छतरपुर।** शहर के चौक बाजार क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री राम दरबार सेवा समिति द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 21 लोगों द्वारा रक्तदान किए जाने की बात सामने आई है। समिति के सदस्य चौबे चौधरी ने बताया कि चौक बाजार स्थित राम दरबार पंडाल में हर वर्ष नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर में मौजूद चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। आयोजकों ने इसे समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# स्कूल में पढ़ाई छोड़ बच्चों से झाड़ू लगवाई जा रही, वीडियो वायरल, जिम्मेदारों पर सवाल

**महाराजपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला कुस्मा में शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जहां एक ओर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद के साथ स्कूल भेजते हैं तो वहीं दूसरी ओर स्कूल में बच्चों से ही झाड़ू लगवाए जाने का मामला सामने आया है।ताजा मामला शासकीय माध्यमिक शाला कुस्मा का है जहां का एक वीडियो प्रभात नायक द्वारा वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में छात्राएं स्कूल परिसर में झाड़ू लगाते हुए साफ तौर पर नजर आ रहीं हैं। यह दृश्य न केवल शिक्षा व्यवस्था की हकीकत को उजागर करता है, बल्कि जिम्मेदार शिक्षकों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। आखिरकार क्या बच्चों का काम पढ़ाई करना है या स्कूल की सफाई करना है माता-पिता अपने बच्चों को बड़े सपनों के साथ स्कूल



भेजते हैं ताकि वे पढ़-लिखकर भविष्य में कुछ बन सकें लेकिन ऐसी घटनाएं उन सपनों को कहीं न कहीं अंधकार में धकेलती नजर आती हैं। हैरानी की बात यह है कि स्कूल परिसर में गंदगी का आलम लंबे समय से बना हुआ है। माध्यमिक परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय में भी चारों ओर गंदगी फैली हुई है। जिसका अंदाजा जिम्मेदारों को होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

### इनका कहना

हम वर्तमान में प्रशिक्षण के दौरान भोपाल में हैं। मामले की जानकारी लेकर ही कुछ कह पाएंगे।

एम.के. शर्मा
संकुल प्राचार्य

# शोभायात्रा के साथ नव दिवसीय महाकुंभ का भव्य शुभारंभ आज

### मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण से शुरू होगी शोभायात्रा

**छतरपुर।** भारत के एकमात्र आजानभुज सरकार के मंदिर जानराय टौरिया में 51 फुट की विशाल महाबली हनुमान जी की अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। 9 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से होगी। आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण नवदिवसीय कार्यक्रम के लिए पूरे क्षेत्र में उत्सव का वातावरण है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस पावन आयोजन का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।

सिद्ध स्थल जानराय टौरिया के मीडिया प्रभारी लोकेश चौरसिया ने बताया कि शहर के मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा आयोजन स्थल के लिए रवाना



होगी। भगवान की सजीव झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड-बाजों की मधुर धुनों और सजे-धजे घोड़े-बग्गियों के साथ साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति इस यात्रा को दिव्यता प्रदान करेगी। शोभायात्रा में शामिल संत-महात्मा भक्तों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे और धर्म, सेवा व सदाचार का संदेश प्रसारित करेंगे। शोभायात्रा छत्रसाल चौक से महल के पास चौपाटी से जल भरकर मुख्य मार्ग से होती हुई आयोजन स्थल जानराय टोरिया पहुंचेगी। इस महाकुंभ का आयोजन श्री राम जन्मभूमि का मुकदमा लडने वाले 102 वर्षीय पूज्य संत राजा रामाचार्य महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा जिनकी उपस्थिति इस आयोजन को और भी पावन एवं विशेष बना रही है। उन्होंने श्रृंगारी महाराज के कार्यों की सराहना की।

जानराय टौरिया के महंत भगवान दास श्रृंगारी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता को भी सुदृढ़ करता है। नवदिवसीय इस महाकुंभ में दूर-दूर से श्रद्धालु आकर भक्ति और साधना में लीन होकर धर्ममय वातावरण का अनुभव करेंगे। यह आयोजन निश्चित ही क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार करेगा और जनमानस को धर्म के मार्ग पर प्रेरित करेगा।

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी पुत्र ने लोहे के तवे से पीट पीटकर की पिता की हत्या, मौत

रीवा । नशे में धुत्त एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही पिता को पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। घटना अनूपपुर जिले के कोतमा की है, जहां से रीवा रेफर घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार 60 वर्षीय मृतक कृति प्रसाद शर्मा 15 मार्च की रात अपने घर में सो रहे थे, तभी आरोपी पुत्र सुशील शर्मा आकर उनसे विवाद लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पुत्र ने रोटी बनाने वाला तवा उठाकर पिता के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में घायल को लहूलुहान हालत में पहले उपचार के लिए अनूपपुर अस्पताल भेजा गया लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया, जहां बीती रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई । बताया जा रहा है कि आरोपी पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पिता की मौत होने के बाद अब उस पर हत्या का मामला भी दर्ज किया जाएगा।

### सड़क हादसा: तीन वर्षीय मासूम की मौत माता-पिता घायल

रीवा। जिले के गूढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरगी गांव के समीप रविवार की बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइकों के आमने-सामने टकराने से हुआ, प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोविंदगढ़ निवासी सुशील शर्मा अपनी पत्नी स्वाति शुक्ला और तीन वर्षीय पुत्री सोनम शुक्ला के साथ रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल किसी परिचित मरीज को देखने आए थे। देर रात लौटते समय गोरगी-महसाव मार्ग पर उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार मासूम बच्ची उछलकर दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में सुशील शर्मा और उनकी पत्नी भी बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मासूम बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सुशील शर्मा और उनकी पत्नी का अस्पताल में गंभीर हालत में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### शिवम पंडित बने आप के जिला समन्वयक



रीवा। आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार और डिजिटल मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के 22 वर्षीय युवा सामाजिक कार्यकर्ता शिवम समदरिया 'पंडित' को सोशल मीडिया विंग रीवा का जिला समन्वयक नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार, शिवम पंडित ग्राम दादर,पोस्ट केंउटी, विधानसभा क्षेत्र सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं। बेहद कम उम्र में सामाजिक कार्यों और जनसेवा के प्रति सक्रियता ने शिवम को एक अलग पहचान दिलाई है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार शेरा ने शिवम की नियुक्ति को संगठन के लिए दूरगामी निर्णय बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है, ऐसे में शिवम जैसे ऊर्जावान और तकनीकी समझ रखने वाले युवा के हाथों में यह जिम्मेदारी सौंपना पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगा। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वे पार्टी की नीतियों,विचारधारा और जनहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। शिवम पंडित ने अपनी नियुक्ति पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौरसिया एवं जिलाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार शेरा के साथ ही पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# एक अप्रैल से किसानों को ई टोकन से ही मिलेगी खाद - कलेक्टर

## किसानों द्वारा दर्ज कराये गये रकबे का शत-प्रतिशत सत्यापन करें

रीवा ।



कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही विभागीय योजनाओं, गेंहू उपार्जन तथा खाद वितरण की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी विभाग में सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड न रहे तथा सी व डी श्रेणी में रहने वाले विभागों को तत्परतापूर्वक शिकायतों का निराकरण कर ए श्रेणी में आने का प्रयास करना होगा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत 26 मार्च तक विकासखण्ड स्तर में आयोजित शिविरों में आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिये ताकि जिला स्तर पर आवेदन न आये। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना अनुसार कार्य सम्पादन के निर्देश दिये तथा अधिकारियों से कहा कि चल रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण करायें और किये गये कार्यों की साप्ताहिक प्रगति से आगामी टीएल बैठक में अवगत करायें।कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा गेंहू उपार्जन के लिए किये गये पंजीयन अनुसार रकबे का शत-प्रतिशत सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसान छूटे नहीं तथा गलत व्यक्ति को उपार्जन का लाभ न मिले। उन्होंने संबंधित तहसीलदारों को अभियान चलाकर सुरक्षित सत्यापन करने के निर्देश दिये साथ ही एसडीएम को भी सत्यापन कार्य करने व मानीटरिंग के लिये निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जहां रकबा बढ़ा है वहां एसडीएम मौके पर जाकर संबंधित किसान के रकबे का सत्यापन सुनिश्चित करायें। बैठक में बताया गया कि आगामी एक अप्रैल से किसानों को ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का विक्रय किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि समितियों व विपणन द्वारा ई-टोकन से किये जाने वाले खाद वितरण की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है उन्हें शासन के निर्देशानुसार उपलब्ध जमीन के आधार पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाय। टीएल बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने तथा चाकघाट, बैकुंठपुर व मनगवां नगर परिषद के सीएमओ की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये गये। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने ली टीएल बैठक, घटिया काम पर ठेकेदार होगे ब्लैकलिस्ट लापरवाह अफसरों को नोटिस, पूरे काम 10 दिन में खत्म करने के निर्देश



रीवा।

नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में शहर के विकास कार्यों और जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, टीएल प्रकरण, अवैध कॉलोनियों, कंपाउंडिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर विशेष फोकस रहा। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान लंबित प्रकरणों पर निगमायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से एक विभाग से दूसरे विभाग में ट्रांसफर करने के बजाय समन्वय के साथ उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए। लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि जिन परियोजनाओं की प्रगति 90 प्रतिशत हो चुकी है, उन्हें 10 दिनों के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही टेंडर जारी करने से पहले स्थल निरीक्षण और भूमि क्लियरेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों में बाधा न आए। निगमायुक्त ने शहर में चल रहे कायाकल्प कार्यों को 10 अप्रैल तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। सिविल लाइन क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पेवर ब्लॉकों के सुधार, वार्ड 15 में मुक्तिधाम निर्माण शुरू करने और नेत्रहीन विद्यालय के कार्य को जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया गया। वही पुराने कोर्ट परिसर में हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोकने और हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही शहर की सड़कों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने और कंपाउंडिंग से राजस्व बढ़ाने के लिए जोनवार लक्ष्य तय करने के निर्देश भी दिए गए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर ठेकेदारों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, राजेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, एसएन द्विवेदी, राजेश मिश्रा, कमलेश्वर सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, राजेश चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक सिंह तोमर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।दो वार्डों में घटिया निर्माण, ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टवार्ड क्रमांक 15 में नाली निर्माण और वार्ड क्रमांक 43 में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक यंत्री और उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया।सीवर-सफाई की हर मंगलवार होगी समीक्षानिगमायुक्त ने कार्यपालन यंत्रियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मंगलवार को सीवर और सफाई से संबंधित शिकायतों की समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में लापरवाही पर एक अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए

## विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में रचित रहे प्रथम, दिल्ली की संसद में गूंजेगा विंध्य का स्वर





रीवा ।

भोपाल के विधानसभा परिसर स्थित मानसरोवर भवन में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 का राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के 54 जिलों से चयनित लगभग 270 युवाओं ने भाग लिया और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने रचित मिश्रा को बधाई दी। प्रतियोगिता में रीवा के रचित मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विंध्य क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। रचित मिश्रा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सक्रिय स्वयंसेवक हैं। उनके प्रभावशाली विचार, सशक्त तर्कशक्ति और उत्कृष्ट मंचीय प्रस्तुति ने निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनकी आवाज़ दिल्ली की संसद तक गूंजेगी। रचित मिश्रा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, राष्ट्रीय सेवा योजना, माता-पिता, दादा-दादी तथा नाना-नानी को दिया। उन्होंने बताया कि यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई। अब वे भारत की संसद में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जो समूचे विंध्य क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण होगा। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता का विषय यूनियन बजट 2026 में विकसित भारत के लिए युवाओं का मार्गप्रस्त करना था। अपने प्रभावशाली भाषण में रचित मिश्रा ने विकसित भारत के निर्माण हेतु युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को शामिल करने तथा एक विद्यार्थी, एक कौशल के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने हरित रोजगार को प्रोत्साहित कर पर्यावरण संरक्षण और बेरोजगारी, दोनों समस्याओं के समाधान पर बल दिया। रचित मिश्रा ने यह भी कहा कि युवाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए, जो उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में सहायक होती हैं।

## भोपाल में प्रस्तावित सेना दिवस आयोजन उप मुख्यमंत्री से थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने की सौजन्य भेंट

रीवा ।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से निवास कार्यालय, भोपाल में थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सौजन्य भेंट की। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आगामी वर्ष में भोपाल में आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सेना एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहभागिता की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ देशभक्ति, सैन्य सम्मान और जन-भागीदारी की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भोपाल में प्रस्तावित सेना दिवस आयोजन प्रदेशवासियों को भारतीय सेना की समृद्ध परंपरा, शौर्य और बलिदान से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। इससे प्रदेश के युवाओं में सेना में शामिल होकर राष्ट्रसेवा करने की प्रेरणा भी मिलेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सेना और नागरिक प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना को भी सुदृढ़ करेंगे। थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने बताया कि 15 जनवरी 2027 को भोपाल में भव्य सेना दिवस परेड आयोजित की जाएगी, जिसकी भव्यता और स्वरूप नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के समान होगा। इस आयोजन के अंतर्गत परेड के साथ सैन्य प्रदर्शनी, सैन्य अभ्यास, शौर्य संध्या और विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रमों की शुरुआत एक नवंबर 2026 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस से 'मेरी माटी अभियान' के अंतर्गत की जाएगी। जनवरी 2027 में 7 से 12 जनवरी तक सैन्य प्रदर्शनी, 9, 11 एवं 13 जनवरी को परेड अभ्यास, 11 एवं 13 जनवरी को शौर्य संध्या अभ्यास तथा 11-12 जनवरी को बड़े तालाब में सैन्य गतिविधियां आयोजित होंगी। मुख्य परेड 15 जनवरी को प्रस्तावित मार्गों पर आयोजित की जाएगी, जबकि शौर्य संध्या और अन्य कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थलों पर संपन्न होंगे। बैठक में लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल रंजीत सिंह, मेजर जनरल विकास लाल, बिग्रेडियर नितिन भाटिया, कर्नल सौरभ कुमार, सन्नी जुनेजा, राजेश बंडले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हत्या मामले मे पुलिस पर लीपापोती का आरोप, मृतक के परिजन पहुचे एसपी कार्यालय, कार्यवाही की मांग

रीवा।



जिले के गढ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की मौत के मामले में परिजनों ने ना सिर्फ हत्या का आरोप लगाया. बल्कि हत्या की केस में पुलिस पर मामले को उलझने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने पहले मारपीट की और जब उसकी मौत हो गई तो उसे फंदे पर लटका दिया गया। हालांकि मामले में परिजनों ने न सिर्फ हत्या का आरोप लगाया, बल्कि आरोपियों के विरुद्ध शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई न होने से नाराज परिजन सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और युवक के मौत मामले में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।बता दे मामला रीवा जिले के गढ थाना क्षेत्र ग्राम देउर का है जहां 4 मार्च की रात हीरामन यादव नामक युवक की फंदे में लटकती लाश मिली थी। उक्त युवक की मौत मामले में परिजनों द्वारा पूर्व में भी हत्या का आरोप लगाते हुए गढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, उनका आरोप था कि रंजिशन गांव के ही कुछ लोगों ने मिलकर हीरामन यादव की हत्या कर उसे फंदे में लटका दिया है। लेकिन पुलिस ने मामले में कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं की, नाराज परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं, जहां उन्होंने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हत्या से जुड़े कई साक्षी भी पेश किए हैं।बताया गया कि युवक की हत्या करने से पहले आरोपियों द्वारा ग्राम पंचायत के व्हाट्सएप ग्रुप में धमकियां भेजी गई थी, साथ ही धमकी भरे ऑडियो भी सामने ले गए हैं। फिलहाल मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय उचित कार्रवाई की मांग की है।

## महाविद्यालय बना "रीलबाजी" का केंद्र, छात्रों के आरोप प्रबंधन की अनदेखी से बढ़ी अव्यवस्था सोशल मिडिया में हो रहा वीडियो वायरल

**मऊगंज।** जिले के प्रतिष्ठित शासकीय शिक्षण संस्थानों में शामिल सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाव इन दिनों पढ़ाई नहीं, बल्कि "रीलबाजी" और अनुशासनहीन गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। शिक्षा के मंदिर माने जाने वाले इस महाविद्यालय का माहौल अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान खुलेआम फूहड़ गानों का उपयोग किया गया, जिस पर छात्रों ने जमकर रील बनाई। कार्यक्रम के दौरान इस तरह की गतिविधियों ने न केवल शैक्षणिक गरिमा को प्रभावित किया, बल्कि परिसर की मर्यादा पर भी प्रश्न खड़े कर दिए।मामला यहीं तक सीमित नहीं है। महाविद्यालय के क्लासरूम, गलियारों और अन्य शैक्षणिक स्थानों पर भी छात्र रील बनाते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो यह संकेत दे रहे हैं कि पढ़ाई के समय भी कक्षाओं का उपयोग मनोरंजन के लिए किया जा रहा है।





**छात्रों का आरोप—**

कई बार दी गई शिकायत, नहीं हुई कार्रवाईकॉलेज के छात्रों के एक समूह ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने "छात्र एकता मंच" के नाम से एक समूह बनाकर कई बार इस तरह की गतिविधियों को लेकर प्राचार्य को लिखित शिकायतें दी हैं। छात्रों का आरोप है कि मंच रजिस्टर्ड न होने या फिर प्रशासनिक उदासीनता के कारण इन शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।प्राचार्य की अनुपस्थिति पर भी सवालछात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रभारी प्राचार्य होने के कारण प्राचार्य सप्ताह में केवल एक दिन, वह भी सीमित समय के लिए ही महाविद्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में नियमित निगरानी और अनुशासन बनाए रखना मुश्किल हो रहा है, जिसका असर सीधे तौर पर कॉलेज के माहौल पर दिखाई दे रहा है।प्रबंधन की चुप्पी और बढ़ती चिंतामहाविद्यालय परिसर में बढ़ती "रीलबाजी" और अनुशासनहीनता के बीच प्रबंधन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय अभिभावकों और नागरिकों ने इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि शिक्षा के इस मंदिर की गरिमा को बनाए रखा जा सके।प्राचार्य डॉ.महानंद द्विवेदी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन सम्पर्क नहीं हो पायाअब देखना होगा कि महाविद्यालय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी इन आरोपों और हालात को लेकर क्या कदम उठाते हैं—क्या व्यवस्था में सुधार होगा या फिर "रीलबाजी" का यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

## नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य पर पंचमीं को दिव्य कन्या पूजन एंव भोजन का भव्य आयोजन

**मऊगंज।** जिले के हनुमना मेनवरात्रि के पावन पर्व पर, जब संपूर्ण वातावरण देवी शक्ति की उपासना में लीन होता है, ऐसे शुभ अवसर पर 23 मार्च 2026 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, द्वारा पंचमी के दिन कन्या पूजन एवं भोजन का अत्यंत दिव्य, आध्यात्मिक एवं सेवा भाव से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन नारी शक्ति के सम्मान, आत्मिक शुद्धि तथा सेवा संस्कारों के जागरण का एक सुंदर संगम रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिश्रा (सेवानिवृत्त प्राचार्य) ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा की शक्ति को पहचानने का समय है। उन्होंने बताया कि कन्याएं साक्षात देवी स्वरूप होती हैं और उनका सम्मान करना भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है।इस कार्यक्रम में रवि प्रताप द्विवेदी (व्यवस्थापक),राम जी गुप्ता,प्रोफ़ेसर दीपक जयसवाल, प्रियतम मिश्रा एवं रघुवंश ओझा उपस्थित रहे। सभी ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सहज और आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। हनुमना सेवा केंद्र की प्रभारी बीके खुशबू बहन ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का हृदय से स्वागत करते हुए नवरात्रि के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सच्ची नवरात्रि वह है



जिसमें हम अपने अंदर की बुराइयों पर विजय प्राप्त कर, आत्मा की सात्विक शक्तियों को जागृत करें।इस अवसर पर सेंट जॉन्स एकेडमी के डायरेक्टर अरुण कुमार जयसवाल विद्यालय केसभी स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में सेवा भाव से जुड़े भावना, उमा, सोनू, ज्योति मिश्रा, मदन मिश्रा, अंशु भाई, कीर्ति बहन, जया बहन, शशि बहन, बबीता बहन, श्रद्धा बहन, काजल बहन,रोशनी बहन आदि भाई-बहनों ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।इस अवसर पर कन्याओं का विधिपूर्वक तिलक, पूजन कर उन्हें ससम्मान भोजन कराया गया। साथ ही उन्हें उपहार प्रदान कर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया गया।पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण में भक्ति, शांति, प्रेम और सेवा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। सभी उपस्थित जनों ने राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव किया और संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सकारात्मकता, नशा मुक्ति, एवं सेवा के मार्ग को अपनाएंगे।यह दिव्य आयोजन न केवल नारी सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि ब्रह्माकुमारी के आध्यात्मिक सिद्धांतों – शांति, पवित्रता, प्रेम और सेवा – को जन-जन तक पहुँचाने का एक श्रेष्ठ माध्यम भी सिद्ध हुआ। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर किया गया यह कन्या पूजन समाज में संस्कारों और आध्यात्मिक जागृति की ज्योति प्रज्वलित करने वाला प्रेरणास्रोत बना। "नारी सम्मान ही सच्चा धर्म है, और सेवा ही सच्ची पूजा।"